राजस्थान पत्रिका, पृष्ठ नं. ०२, दिनांक: ०२.०६.२०२४

गिफ्ट सिटी और नर्मदा कैनाल के पुलों का हुआ वजन परीक्षण

मोटेरा से गांधीनगर के बीच जुलाई के अंत तक दौड़ सकती है मेट्रो



अहमदाबाद में नर्मदा कैनाल पर कैबल स्टेड पुल बनाया।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

गांधीनगर. मोटेरा से गांधीनगर में सेक्टर-1 तक मेट्रो ट्रेन चलाने के लिए तीव्र गति से कार्य चल रहा है। संभवत: जुलाई के अंत तक मोटेरा से गांधीनगर में सेक्टर-1 तक मेट्रो ट्रेन दौड़ाई जा सकती है। इसके मद्देनजर ही साबरमती नदी पर गिफ्ट सिटी के निकट बनाए गए पुल और सुघड के निकट नर्मदा कैनाल पर बनाए गए केबल स्टेड पुल पर लोड टेस्टिंग की प्रक्रिया पूरी की गई है।

नर्मदा कैनाल पर जरूरी वजन के साथ चार ट्रेनों को एक साथ खड़ा रखकर लोड टेस्टिंग की गई है। इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी लोड टेस्टिंग का कार्य किया जाएगा। स्टेशनों का कार्य भी लगभग पूरा हो गया है, उसे अंतिमरूप जल्द दे दिया जाएगा। जून माह के अंत तक कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) की ओर से इस रूट पर मेट्रो ट्रेन दौड़ाने को लेकर सुरक्षा के मानदंडों को परखने का अनुरोध किया जाएगा। सीएमआरएस की ओर से यह जांच इसी माह में पूरी करने की उम्मीद है। इस प्रक्रिया में रिमार्कस और उसकी अनुपालना करने के बाद अंतिम मंजूरी मिलते ही जुलाई के अंत तक मेट्रो ट्रेन प्रारंभ की जाएगी। सामान्य तौर पर मंजूरी मिलने में चार से पांच सप्ताह का वक्त लगता है। ऐसे में उम्मीद है कि जुलाई महीने तक इस रूट पर भी मेट्रो ट्रेन को दौड़ाना शुरू कर दिया जाएगा। ऐसा होने पर अहमदाबाद से गाधीनगर के बीच दैनिक आवाजाही करनेवाले लोगों को काफी आसानी होगी। इससे मेट्रो ट्रेन में सफर करने वाले लोगों की संख्या में भी तेजी से वृद्धि होगी। वैसे भी अब मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों की दैनिक संख्या एक लाख के करीब तक पहुंच गई है।